प्रादेशिक समाचार

दिनांक–03.04.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी और पुलिस अधीक्षको के साथ हुई वर्चुअल बैठक, मादक पदार्थों और शराब की रोकथाम को लेकर सख्त कदम उठाने के निर्देश।

- रांची में लोकसभा चुनाव को लेकर शिकायत निगरानी नियंत्रण कक्ष और कॉल सेन्टर गठित, आम लोग चुनाव से संबंधित जानकारी लेने के साथ दर्ज करा सकते हैं शिकायत।

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल देवघर एयरपोर्ट आएंगे, भाजपा के कार्यकर्ताओं से करेंगे मुलाकात, जमुई में सभा के लिए होंगे रवाना

- झारखंड उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार से पिछले एक माह के दौरान महिला हिंसा, जमीन कब्जा, रंगदारी और अन्य गंभीर अपराधों से संबंधित मांगी रिपोर्ट, मामले पर कल होगी सुनवाई।

- राज्य के कई हिस्सों में अगले तीन दिनों तक चलेगा हीट वेव, छह और सात अप्रैल को हल्की बारिश और वज्रपात की संभावना, मौसम विभाग ने जताया पूर्वानुमान।

*******************

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने चुनाव अवधि के दौरान शराब और मादक पदार्थ की रोकथाम को लेकर समुचित कदम उठाने का निर्देश अधिकारियों को दिया है। वे कल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों के उपायुक्त– सह–जिला निर्वाचन पदाधिकारी, पुलिस अधीक्षक और उत्पाद अधीक्षक के साथ लोकसभा चुनाव के मद्देनज़र अवैध शराब एवं मादक पदार्थों की रोकथाम को लेकर की जा रही कार्रवाई की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं भयमुख चुनाव के लिए शराब और मादक पदार्थों के उत्पादन, भंडारण, वितरण बिक्री तथा परिवहन पर सख्ती बरती जाए और इससे संबंधित लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो।

*******************

रांची में लोकसभा चुनाव को लेकर शिकायत निगरानी नियंत्रण कक्ष और कॉल सेंटर का गठन कर लिया गया है। रांची के उपायुक्त– सह– जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव की दिशा में यह कदम उठाया गया है। इसके तहत आदर्श आचार संहिता प्रभावी होने के बाद जारी किए गए हेल्पलाइन नंबर को कॉल सेंटर से जोड़ दिया गया है। आम लोग हेल्पलाइन नंबर एक आठ शून्य शून्य– तीन चार पांच– तीन तीन तीन तीन पर चुनाव से संबंधित कोई भी जानकारी लेने के साथ शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल देवघर एयरपोर्ट आएंगे। वे लोकसभा चुनाव प्रचार को लेकर यहां से हेलिकॉप्टर के द्वारा जमुई के खैरा के लिए रवाना हो जाएंगे। प्रधानमंत्री यहां एनडीए की सहयोगी एलजेपी के प्रत्याशी के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री देवघर एयरपोर्ट पर प्रदेश भाजपा के कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे।

*******************

धनबाद जिले में लोकसभा निर्वाचन ड्यूटी से स्वास्थ्य का हवाला देकर नाम हटाने के लिए आवेदन देने वाले कर्मियों के लिए सिविल सर्जन की अध्यक्षता में मेडिकल बोर्ड का गठन किया गया है। बोर्ड इन कर्मियों के स्वास्थ्य की जांच कर रिपोर्ट देगा। जिले में कुल एक सौ अस्सी कर्मियों ने चुनाव ड्यूटी नहीं लगाने के लिए आवेदन दिया है।

*******************

रामगढ़ जिले में लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाताओं को विभिन्न माध्यमों से जागरुक किया जा रहा है। इस सिलसिले में स्वीप के तहत कल आंगनबाड़ी सहायि़का औऱ सेविकाओं के सहयोग से मेहन्दी लगाओ औऱ रंगोली बनाओं प्रतियोगिता का आय़ोजन किया गया। मौके पर मतदाताओं को मतदान की शपथ दिलाई गई।

*******************

कोडरमा जिले में मतदाता जागरुकता अभियान से सभी श्रेणी के अस्पतालों को भी जोड़ा जा रहा है।

*******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

*******************

झारखंड उच्च न्यायालय ने पिछले एक महीने के दौरान महिला हिंसा, जमीन कब्जा, रंगदारी और अन्य गंभीर अपराधों से जुड़ी पूरी रिपोर्ट राज्य सरकार से मांगी है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने दुमका में विदेशी महिला से हुए सामूहिक दुष्कर्म मामले में स्वतः संज्ञान से दर्ज याचिका पर सुनवाई करते हुए कानून– व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश दिया । इस मौके पर राज्य सरकार की ओर से विदेशी पर्यटकों की सुरक्षा के लिए बनाए जाने वाले स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर, एसओपी का ड्राफ्ट भी अदालत में पेश किया गया। मामले पर अगली सुनवाई कल होगी।

*******************

चतरा जिला पुलिस ने कुंदा थाना क्षेत्र के टीटही और बड़गांव तथा लावालौंग थाना क्षेत्र के होसिर तथा पसागम में छापेमारी कर इकतालीस किलोग्राम अफीम और एक सौ तीन किलोग्राम डोडा बरामद की है। वहीं, मौके पर से चार अफीम तस्करों को भी पुलिस ने अपनी गिरफ्त में ले लिया । पुलिस ने बताया की बाजार में अफीम और डोडे की कीमत लगभग दो करोड़ तीस लाख रुपए है। अफीम तस्करों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई जारी रहेगी।

*******************

- रांची विश्वविद्यालय के घंटी आधारित शिक्षकों में पिछले नौ महीने से बकाया मानदेय को लेकर विश्वविद्यालय के कुल सचिव, उप कुल सचिव और वित्त पदाधिकारी का घेराव किया।
- धनबाद जिले में ईद औऱ रामनवमी त्योहार के दौरान शांति और विधि व्यवस्था को लेकर उपायुक्त की अध्यक्षता में जिलास्तरीय शांति समिति की आज बैठक होगी।
- गुमला जिले के घाघरा थाना क्षेत्र स्थित तेंदार गांव में एक विक्षिप्त द्वारा एक दंपति और उसके दो नाबालिग बच्चों पर किए गए हमले में एक की मौत और तीन गंभीर रूप से घायल है।
- गोड्डा जिला के ठाकुरगंगटी थाना क्षेत्र के महुआरा गांव में हाई टेंशन तार की चपेट में आने से दो व्यक्तियों की मौत हो गई।
- देवघर साइबर थाना पुलिस ने मोहनपुर, पाथरोल, मारगोमुण्डा और पथरगडा के विभिन्न इलाकों में छापेमारी कर पांच साइबर अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से सात मोबाइल और ग्यारह फर्जी सिम कार्ड भी बरामद हुए है।

*******************

राज्य के कई हिस्सों में अगले तीन दिनों के दौरान हीट वेव चलने की संभावना है। इसे लेकर मौसम विभाग ने रेड अलर्ट जारी किया है । हीट वेव का असर पूर्वी सिंहभूम, पश्चिम सिंहभूम, सिमडेगा, सरायकेला खरसावां, देवघर दुमका, गोड्डा, पाकुड़, गिरिडीह, धनबाद, जामताड़ा और साहिबगंज में देखने को मिल सकता है। वहीं छह और सात अप्रैल को कुछ इलाकों में हल्की बारिश और वज्रपात हो सकता है। पिछले चौबीस घंटे में कई जिलों का अधिकतम तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस के आसपास दर्ज किया गया।

*******************

अखबारों की सुर्खियां

राज्य के अधिकांश अखबारों ने चुनाव आयोग द्वारा पांच राज्यों के आठ डीएम और 12 एसपी का तबादला करने से संबंधित खबर को पहले पन्ने पर प्रमुखता दी है।
प्रभात खबर की सुर्खी है– झारखंड के निजी अस्पतालों में सम्पन्न राज्यों जैसा खर्च, इलाज निचले स्तर पर।
दैनिक हिंदुस्तान लिखता है – जीत की जुगत में जुटे एनडीए और इंडिया।
दैनिक भास्कर ने झारखंड उच्च न्यायालय में विदेशी पर्यटकों की सुरक्षा को लेकर दायर जनहित याचिका पर हुई सुनवाई से संबंधित खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।
दैनिक जागरण की सुर्खी है– 263 लैपटॉप खरीद में गड़बड़ी करनेवाले अधिकारियों को शो कॉज।
राष्ट्रीय नवीन मेल, अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया और हिंदुस्तान टाइम्स ने छत्तीसगढ़ के बीजापूर में पुलिस मुठभेड़ में 10 नक्सलियों के मारे जाने की खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।

*******************